**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.01.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## हिन्दुस्तान–दि0 01.01.2026

### वीडीए में जोनल अधिकार और ट्रेसर को दी विदाई

वाराणसी। वीडीए मुख्यालय में बुधवार को सहायक अभियंता और नगवा के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, ट्रेसर विजय शंकर तिवारी को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने दोनों को सम्मानित किया। इस दौरान सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, एसई अजय पवार, एक्सईएन अरविंद शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अमर उजाला–दि0 01.01.2026

### सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

वाराणसी। वीडीए सभागार में बुधवार को सहायक अभियंता संजीव कुमार और विजय शंकर तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि इन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से किया। उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं, स्वस्थ, सुखमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार ने विचार रखे। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आज–दि0 01.01.2026

### विप्रामें सहायक अभियन्ता और ट्रेसरकी हुई भावभीन विदायी

विकास प्राधिकरण सभागारमें सहायक अभियन्ता संजीव कुमार और ट्रेसर विजयशंकर तिवारीके सेवानिवृत्त होनेपर भावभीन विदायी दी गयी। इस अवसरपर उपाध्यक्ष पूर्णवोराने दोनों अभियन्ताओंके कार्यकी तारीफ करते हुए उन्हें शुभकामना दी। सचिव वेदप्रकाश मिश्रने सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारियोंके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए इनके अनुभव और कार्यशैलीसे युवा कर्मचारियोंको सीख लेनेकी बात कही। समारोहमें अपर सचिव गुणाकेस शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार, अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित जोनल अधिकारी, सहायक अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, अवर अभियन्ता, सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश दुबे, कर्मचारी संघके अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघके अध्यक्ष अनिल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 01.01.2026

### वीडीए में सहायक अभियंता एवं ट्रेसर का विदाई समारोह संपन्न



**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में सहायक अभियंता संजीव कुमार एवं ट्रेसर विजय शंकर तिवारी के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर बुधवार को एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा की गई।समारोह में उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ और अनुभवी कर्मचारियों का योगदान सदैव विभाग के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

साथ ही उन्होंने दोनों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं स्वस्थ, सुखमय भविष्य की कामना की। सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके अनुभव एवं कार्यशैली से युवा कर्मचारियों को सीख लेने की आवश्यकता है। सभी वक्ताओं ने दोनों कर्मचारियों के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की इस अवसर पर अपर सचिव गुणाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सौरभ जोशी, अशोक त्यागी, श्री प्रकाश, सौरभ देव प्रजापति, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे, लेखाकार दिनेश यादव व विदाई समारोह को कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजकिशोर सिंह व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय द्वारा भी संबोधित किया गया। सहित विकास प्राधिकरण के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यायाधीश–दि0 01.01.2026

# विकास प्राधिकरण में सहायक अभियंता एवं ट्रेसर का भावभीनी विदाई समारोह संपन्न

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में सहायक अभियंता श्री संजीव कुमार एवं ट्रेसर श्री विजय शंकर तिवारी के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महोदय श्री पुर्ण बोरा द्वारा की गई।समारोह में उपाध्यक्ष महोदय श्री पुर्ण बोरा ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ और अनुभवी कर्मचारियों का योगदान सदैव विभाग के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। साथ ही उन्होंने दोनों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं स्वस्थ, सुखमय भविष्य की कामना की। सचिव श्री डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके अनुभव एवं कार्यशैली से युवा कर्मचारियों को सीख लेने की आवश्यकता है। सभी वक्ताओं ने दोनों कर्मचारियों



के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की।इस अवसर पर अपर सचिव श्री गुणाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री अजय पवार, अधिशासी अभियंता श्री अरविंद शर्मा, नगर नियोजक श्री प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी श्री सौरभ जोशी, श्री अशोक त्यागी, श्री प्रकाश, श्री सौरभ देव प्रजापति, सहायक संपत्ति अधिकारी श्री रमेश दुबे, लेखाकार श्री दिनेश यादव व विदाई समारोह को कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजकिशोर सिंह व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध पांडेय द्वारा भी संबोधित किया गया। सहित विकास प्राधिकरण के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन आत्मीय वातावरण में हुआ तथा सभी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।